# कार्यालय, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः—शिविरा / माध्य. / छात्रवृति / अब्दुल कलाम ब0घो0सं0 231 / 2023—24 दिनांक :

**समस्त मंडल संयुक्त निदेशक,**
**स्कूल शिक्षा**

**विषय :—** बजट घोषणा संख्या 231.0.0 (सत्र 2023—24) **''एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास योजना''** के तहत सत्र 2023—24 हेतु प्रतियोगिताओं के आधार पर विद्यार्थियों के चयन बाबत।

**प्रसंग :—** इस कार्यालय द्वारा जारी योजना के दिशा—निर्देश दिनांक 02.08.2022

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक दिशा—निर्देशों के क्रम में लेख है कि वर्तमान सत्र 2023—24 में **''एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास योजना''** के क्रियान्वयन हेतु दिशा—निर्देश दिनांक 02.08.2022 के अनुसार निम्न 05 **साहित्यक गतिविधियां एंव सांस्कृतिक लोक कला प्रतियोगिताओं** के आधार पर राज्य के 660 विद्यार्थियों का चयन किया जाना है—

(1)वाद—विवाद, हिन्दी
(2)वाद—विवाद, अग्रेजी
(3)निबंध प्रतियोगिता, हिन्दी
(4)निबंध प्रतियोगिता, अग्रेजी
(5)देशभक्ति एकल गायन

**प्रतियोगिताओं के आधार पर चयन संबंधित विशेष बिन्दुः—**

- इन प्रतियोगिताओं में राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत **प्रथम समूह (कक्षा 5 से 8 तक)** एवं **द्वितीय समूह (कक्षा 9 से 12 तक)** के विद्यार्थी भाग से सकेगें।
- राज्य के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों की प्रतियोगिता में एक ही समूह होगा, जिसमें कक्षा **8 से 12** तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर आयोजन की जाने वाली तिथियों में किया जायेगा, जिसमें 10 विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा ।
- व्यक्तित्व विकास प्रतियोगिता द्वारा कुल **33 जिलों से 660 विद्यार्थी**, राज्य के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूलों से 10 विद्यार्थी, अर्थात **कुल 670 विद्यार्थी** साहित्यक गतिविधियां एंव सांस्कृतिक लोक कला प्रतियोगिताओं द्वारा चयनित किये जायेंगे।

**प्रतियोगिताओं का आयोजनः—**

प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न स्तर पर निम्नानुसार दो समूहों **प्रथम समूह (कक्षा 5 से 8 तक )** एंव **द्वितीय समूह (कक्षा 9 से 12 तक)** में किया जायेगा जिनमें प्रत्येक गतिविधि में समूहवार विजेता / उपविजेता विद्यार्थी आगामी चरण में भाग लेने हेतु पात्र होंगें :—

| **क्र0 सं0** | **प्रतियोगिता आयोजन का स्तर** | **आयोजन की तिथी** | **चयनित विद्यार्थियों की संख्या** | **विवरण** |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पी.ई.ई.ओ., विद्यालय स्तर | 16.08.2023 से 22.08.2023 | प्रत्येक गतिविधि में 2—2 (कुल दोनो समूहों में 20 प्रतियोगी) | प्रतियोगिता का संयोजक संबंधित विद्यालय होगा। |
| 02 | ब्लॉक स्तर | 23.08.2023 से 30.08.2023 | प्रत्येक गतिविधि में 2—2 (कुल दोनो समूहों में 20 प्रतियोगी) | प्रतियोगिता का संयोजक संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी होगा। |
| 03 | जिला स्तर पर | सितम्बर माह का प्रथम सप्ताह | प्रत्येक गतिविधि में 2—2 (कुल दोनो समूहों में 20 प्रतियोगी) | जिला स्तरीय प्रतियोगिता का संयोजक संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय), समग्र शिक्षा। |

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.08.11 20:35:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4496019

D:\1 RISHI PAREEK\APJ PDP 2023-24\APJ 2023-24

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 04 | राज्य स्तर पर | सितम्बर माह का अंतिम सप्ताह | राज्य स्तर पर दोनों समूहों में कुल 30 विद्यार्थियों का चयन निम्नानुसार है ।<br>1. 5 प्रतियोगिता X 2 समूह=10 प्रतिभागी<br>2. 10 प्रतिभागी X 3 प्रथम 3 स्थान प्राप्त प्रतिभागी =30 प्रतिभागी | राज्य स्तरीय प्रतियोगिता निदेशालय माध्यमिक शिक्षा राजस्थान–बीकानेर के तत्वाधान में आयोजित की जायेगी। |

**निर्णायक मंडल से संबंधित विशेष बिन्दुः–**

**पी.ई.ई.ओ., विद्यालय स्तर पर निर्णायक मण्डल का गठन :–**

- आयोजक विद्यालय का संस्थाप्रधान (संयोजक)
- आयोजक विद्यालय में कार्यरत 02 कार्मिक
- पीईईओ क्षेत्र के निकटतम विद्यालय द्वारा दो विषय विशेषज्ञ (हिन्दी एंव अग्रेजी) शिक्षक

**ब्लॉक स्तर पर निर्णायक मण्डल का गठनः–**

- मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (संयोजक)
- आयोजक विद्यालय में कार्यरत 02 कार्मिक (जहां ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा)
- जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक (मुख्यालय) द्वारा मनोनित दो विषय विशेषज्ञ (हिन्दी एंव अग्रेंजी) शिक्षक

**जिला स्तर पर निर्णायक मण्डल का गठनः–**

- जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक (मुख्यालय) (संयोजक)
- आयोजक विद्यालय में कार्यरत 02 कार्मिक (जहां जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा)
- जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक (मुख्यालय) द्वारा मनोनीत दो विषय विशेषज्ञ (हिन्दी एंव अग्रेजी) शिक्षक जो पूर्व में संबंधित योजना से किसी भी निर्णायक मण्डल के सदस्य नहीं रहे हो।

**राज्य स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजनः–**

- राज्य स्तर पर प्रतियोगिता के आयोजन हेतु जिले का चयन निदेशालय स्तर पर किया जायेगा।
- प्रत्येक गतिविधि में 02–02 प्रथम तीन स्थान प्राप्त कुल दोनों समूहों में 30 प्रतियोगियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा।
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित जिला मुख्यालय का संयुक्त निदेशक ,स्कूल शिक्षा संयोजक होगा।

**प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु बजट प्रावधान :–**

| क्र. सं. | विवरण प्रति विद्यार्थी व्यय (10 दिवसीय) | | गणना (दर विद्यार्थी संख्या) | कुलव्यय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य स्तर पर विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि | प्रथम–2100 | 2100 X 2 X 5 | 21000 |
| | | द्वितीय–1100 | 1100 X 2 X 5 | 11000 |
| | | तृतीय–500 | 500 X 2 X 5 | 5000 |
| 2 | ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन हेतु राशि | 2000 रूपये प्रति ब्लॉक | 2000 X 358 | 7,16,000 |
| 3 | जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन हेतु राशि | 2500 रूपये प्रति जिला | 2500 X 33 | 82,500 |
| 4 | संभाग स्तरीय दलों हेतु विविध व्यय | 5000 रूपये प्रति संभाग | 5000 X [illegible] | 45,000 |

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.08.11 20:35:31 IST
Reason: Approved

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **5** | राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन हेतु राशि | | | 1,19,500 |
| | **योग** | | | **10,00,000** |

- ब्लाक एवं जिला स्तर पर व्यक्तित्व विकास प्रतियोगिताओं के आयोजन पर होने वाले अतिरिक्त व्यय का पुर्नभरण जनसहयोग/भामाशाहों से सहयोग लिया जावे।
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी एवं संबंधित जिलों से विद्यार्थी दल के साथ नियुक्त कार्मिक (टीम लीडर) के यात्रा व्यय हेतु अलग से बजट प्रावधान नहीं है। संबंधित जि.शि.अ. जनसहयोग/भामाशाहों/विद्यालय विकास कोष से व्यवस्था सुनिश्चित करें।

समस्त संयुक्त निदेशक जारी दिशा–निर्देशानुसार विद्यालय, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु अपने अधीनस्थ मु.जि.शि.अ. एवं जि.शि.अ.(मु.), माध्यमिक/(मु.), प्रारम्भिक को पाबन्द करते हुए **दिनांक 15.09.2023** तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से प्रत्येक जिले से चयनित 20 विद्यार्थियों की सूची निम्न प्रारूप में इस कार्यालय की ई–मेल आई.डी. पर प्रेषित करने का श्रम करावें।

**प्रारूप–. व्यक्तित्व विकास योजनन्तर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता द्वारा चयनित विद्यार्थी**

| क0सं0 | मण्डल | जिला | विद्यार्थी समूह | प्रतियोगिता जिसमें चयन किया गया है | विद्यार्थी का नाम | कक्षा | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

**हस्ताक्षर मय सील**

**(संयु.निदेशक,स्कूल शिक्षा,..................................)**

Rajasthan Education Department

**योजनान्तर्गत कक्षा 8 एवं 10 के 1370 मेधावी विद्यार्थियों की सूची आपको यथासमय प्रेषित कर दी जाएगी।**

**संलग्नः–** इस कार्यालय द्वारा जारी योजना के दिशा–निर्देश दिनांक 02.08.2022

**(काना राम)**
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को योजना की क्रियान्विति
2. शासन उप सचिव शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग शासन सचिवालय राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी/जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक/प्रारंभिक को अपने क्षेत्राधिकार में उक्त योजना के प्रभावी प्रबोधनार्थ एंव पालनार्थ।
4. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को अपने क्षेत्राधिकार में समस्त संस्था प्रधान को योजना के दिशा–निर्देशानुसार क्रियान्विति सुनिश्चित करावें।
5. संपादक, शिविरा अनुभाग, कार्यालय हाजा को शिविरा पत्रिका में प्रकाशन बाबत्।
6. सहायक निदेशक, योजना अनुभाग कार्यालय हाजा।
7. सहायक निदेशक, शाला दर्पण अनुभाग कार्यालय हाजा।
8. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. रक्षित पत्रावली।

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.08.11 20:35:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4496019